प्रादेशिक समाचार

दिनांक– 07.04.2026 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. केंद्र सरकार ने पांच किलो वाले एलपीजी सिलेंडर आवंटन का दैनिक कोटा दोगुना किया, सभी राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के मुख्य सचिवों को लिखा पत्र ।
2. विश्व स्वास्थ्य दिवस पर प्रधानमंत्री ने स्वस्थ समाज के लिए मिलकर काम करने का दिया संदेश, स्वास्थ्यकर्मियों के समर्पण और सेवा भाव की सराहना की।
3. राज्य में मादक पदार्थो के कारोबार पर हाईकोर्ट सख्त, सरकार को प्रभावी तरीके से एसओपी लागू करने का निर्देश।
4. धनबाद से लोकमान्य तिलक टर्मिनस, मुंबई के लिए नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत, सांसद ढुल्लू महतो ने दिखाई हरी झंडी।
5. और अंडर 17 झारखंड राज्य बालक एवं बालिका कुश्ती प्रतियोगिता में साहिबगंज टीम बनी चैंपियन।

****

केन्द्र सरकार ने राज्यों में प्रवासी मजदूरों को वितरित किए जाने वाले पांच किलोग्राम के मुक्त व्यापार एलपीजी (एफटीएल) सिलेंडरों के दैनिक आवंटन को दोगुना करने का निर्णय किया है। एक रिपोर्ट

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर उन सभी लोगों के प्रति आभार व्यक्त किया जो दूसरों की सेवा में अथक परिश्रम करते हैं और स्वस्थ विश्व के लिए काम करते हैं। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने स्वस्थ समाज के निर्माण के लिए अपनी सरकार की प्रतिबद्धता को भी दोहराया। उन्होंने सभी से स्वास्थ्य प्रणालियों को मजबूत करने और प्रत्येक व्यक्ति के कल्याण को प्राथमिकता देने के लिए मिलकर काम करते रहने का आह्वान किया।

विश्व स्वास्थ्य दिवस के इस वर्ष का विषय है– स्वास्थ्य के लिए एकजुट, विज्ञान के साथ खड़े रहें। संपूर्ण विश्व में स्वास्थ्य संबंधी अच्छी आदतों के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए यह दिवस मनाया जा रहा है।

****

रांची के सदर अस्पताल और रिम्स समेत कई स्वास्थ्य संस्थानों में आज विश्व स्वास्थ्य दिवस पर जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं। रांची के मोरहाबादी मैदान में रोजाना मोर्निंग वॉक और व्यायाम करने वाले स्थानीय लोगों ने भी स्वास्थ्य रक्षा के लिए योग के महत्व पर जोर दिया

****

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि खाद्य सुरक्षा सुनिश्चित करना और किसानों की आय बढ़ाना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। श्री सिंह आज जयपुर में आयोजित क्षेत्रीय कृषि सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए ठोस और बहुआयामी प्रयास किए जा रहे हैं। केन्द्रीय कृषि मंत्री ने कहा कि नई तकनीकों को अपनाना, आधुनिक कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना और एकीकृत कृषि प्रणालियों पर ध्यान केंद्रित करना समय की मांग है।

****

झारखंड में नशीले पदार्थों के बढ़ते कारोबार पर हाई कोर्ट ने कड़ा रुख अपनाया है। हाई कोर्ट ने राज्य में नशीले पदार्थों के कारोबार पर प्रभावी नियंत्रण के लिए सरकार को एसओपी लागू करने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने नारकोटिक्स कंट्रोल ब्यूरो और अपराध जांच विभाग को समन्वय से काम करने को कहा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने आज गुरु तेग बहादुर जी के प्रकाश पर्व के अवसर पर उन्हें श्रद्धांजलि दी। प्रधानमंत्री ने उन्हें देश की सभ्यता का एक महान आध्यात्मिक व्यक्तित्व बताया। सोशल मीडिया पोस्ट में श्री मोदी ने कहा कि गुरु तेग बहादुर का जीवन निर्भीकता, त्याग और मानवता के प्रति गहरी चिंता का एक तेजस्वी उदाहरण है । राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने भी शुभकामनाएं देते हुए अपने संदेश में लिखा है कि धर्म, मानवता और न्याय की रक्षा के लिए उनका सर्वोच्च बलिदान समस्त मानवता के लिए प्रेरणा स्रोत है।

****

धनबाद से लोकमान्य तिलक टर्मिनस, मुंबई के लिए नई साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेन की शुरुआत हुई है। सांसद ढुल्लू महतो ने हरी झंडी दिखाकर ट्रेन को रवाना किया। सांसद ढुल्लू महतो ने आश्वासन दिया कि इस ट्रेन को भविष्य में रोजाना चलाने का प्रयास किया जाएगा।

****

रांची में उपायुक्त मंजूनाथ भजंत्री की अध्यक्षता में झारखंड शिक्षा न्यायाधिकरण संशोधन अधिनियम 2017 के तहत जिला स्तरीय शुल्क निर्धारण समिति की बैठक हुई । बैठक में निजी विद्यालयों की फीस निर्धारण प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने और अभिभावकों की शिकायतों के त्वरित निस्तारण पर जोर दिया गया। साथ ही नियमों के उल्लंघन पर जुर्माने की चेतावनी दी गई

****

रामगढ़ थाना क्षेत्र के हेसला गांव स्थित झारखंड इस्पात प्लांट में फर्नेस फटने से घायल हुए एक और मजदूर की मौत हो गई। इसके साथ ही इस हादसे में मरने वाले मजदूरों की संख्या बढ़कर तीन हो गई है। चार मजदूरों का अस्पताल में इलाज चल रहा है इधर देर रात मुआवजे की रकम और विभिन्न मांगो को लेकर वार्ता समाप्त हो गई। जिला प्रशासन, ग्रामीण और प्लांट प्रबंधन के लोगों ने 6 बिंदुओं पर सहमति जताई है।

****

घरेलू शेयर बाजार के संवेदी सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी आज मामूली गिरावट के साथ कारोबार कर रहे हैं। अंतिम रिपोर्ट के अनुसार सेंसेक्स 165 अंक लुढ़कर 73 हजार 942 पर जबकि निफ्टी 46 अंक फिसलकर 22 हजार 922 पर आ गया

****

राजधानी रांची के सर्राफा बाजार में आज 22 कैरेट सोने की कीमत एक लाख 38 हजार 7 सौ रूपये प्रति दस ग्राम है, जबकि चांदी की कीमत 2 लाख 45 हजार रूपये प्रति किलो है।

****

मौसम विभाग के अनुसार राज्य के विभिन्न जिलों में गर्जन के साथ हल्की बारिश वज्रपात और ओलावृष्टि होने की संभावना है। साथ ही 50 से 60 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से तेज हवा चलने की भी संभावना है। इसे लेकर ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है।

****

धनबाद के महुदा में आयोजित अंडर–17 झारखंड राज्य बालक एवं बालिका कुश्ती प्रतियोगिता में साहिबगंज टीम ने 330 अंकों के साथ चैंपियनशिप का खिताब जीता । जबकि जेएसएसपीएस 275 अंकों के साथ दूसरे और देवघर 225 अंकों के साथ तीसरे स्थान पर रहा।

********समाप्त*********